भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. +2383
सोमवार, 13 दिसम्बर, 2021/22 अग्रहायण, 1943 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

आंध्र प्रदेश में मंदिरों की विशेष-सफाई

+2383. श्री एम.वी.वी. सत्यनारायण:
श्री एन. रेड्डुप्प:
श्री मद्दीला गुरुमूर्ति:

क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्वच्छ प्रतिष्ठित स्थानों के अंतर्गत आंध्र प्रदेश के तिरुपति मंदिर और राघवेंद्र स्वामी मंदिर की विशेष सफाई प्रक्रिया में कितनी प्रगति हुई है;
(ख) इस योजना के लिए स्वीकृत और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या मंत्रालय की इस योजना को राज्य के अन्य विरासत आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थानों तक विस्तार करने की योजना है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क) और (ख): पर्यटन मंत्रालय में ऐसी कोई योजना नहीं है। तथापि, प्राप्त जानकारी के अनुसार तिरुपति मंदिर, एसआईपी साइट द्वारा निम्नलिखित कार्य किए गए हैं :-

i. अलीपीरी फुटपाथ के किनारे बगीचों के लिए पुनर्नवीनीकृत पानी का उपयोग।
ii. ऊर्जा संरक्षण के लिए एलईडी लाइटिंग सिस्टम की रिमोट मॉनिटरिंग प्रणाली।
iii. सुरक्षा लाइन, अलीपिरी फुटपाथ पर एलईडी लाइटनिंग।
iv. टाउनशिप की स्वच्छता और निर्मलता सुनिश्चित करने के लिए सफाई मशीनरी उपकरण।
v. बसों और बैटरी से चलने वाले वाहनों की खरीद।
vi. ठोस अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की स्थापना।
vii. एपीएसआरटीसी नॉर्थ ब्लॉक में सार्वजनिक शौचालय ब्लॉक का निर्माण।
viii. सेवा सदन-2 में सार्वजनिक शौचालय ब्लॉक का निर्माण।
ix. सन्निधानम ब्लॉक में सार्वजनिक शौचालय ब्लॉक का निर्माण।
x. वेणुगोपाल स्वामी मंदिर के सामने सार्वजनिक शौचालय ब्लॉक का निर्माण।
xi. वैभव विश्राम गृह में सार्वजनिक शौचालय ब्लॉक का निर्माण।

राघवेंद्र स्वामी मंदिर के लिए - स्वच्छ प्रतिष्ठित स्थानों के तहत किसी भी प्रगति की सूचना नहीं है।

(ग) और (घ): स्वच्छ प्रतिष्ठित स्थानों के तहत ऐसी कोई योजना नहीं है।

****